07-04-2021

ला पेरोज नौसैनिक अभ्यास

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस अभ्यास में क्वाड देश ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका भी भाग ले रहे हैं।
2. इस अभ्यास में फ्रांस की ओर से टोननेर और फ्रिगेट सर्कुफ शिप हिस्सा ले रहे है।
3. यह अभ्यास समुद्र की स्वतंत्रता और एक खुले, समावेशी हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और एक नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित करता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- बंगाल की खाड़ी में नौसैनिक ड्रिल 'ला पेरोज' अभ्यास शुरू हो गया है। इस अभ्यास में अन्य क्वाड देश ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका भी भाग ले रहे है। यह अभ्यास 05 अप्रैल से 07 अप्रैल के बीच आयोजित किया जा रहा है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- भारतीय नौसेना जहाज आईएनएस सतपुड़ा (INSSatpura) और आईइनएस किल्टन (INS kiltan) के साथ P8I लॉन्ग रेंज मैरीटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट पहली बार इस अभ्यास में हिस्सा ले रहा है।
- भारतीय नौसेना के जहाज और विमान फ्रांसिसी नौसेना, रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी जापान मेरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (JMSDF) और अमेरिका नौसेना USN जहाजों के साथ इस अभ्यास में शामिल होंगे।
- इस अभ्यास में फ्रांस की ओर से टोननेर (Tonnerre) और फ्रिगेट सर्कुफ (surcouf) हिस्सा लेगें। अमेरिका की नौसेना की ओर से इस अभ्यास में उभयचर परिवहन डॉक जहाज समरसेट (Somerset) हिस्सा ले रहें।
- ऑस्ट्रेलिया की ओर से इसमें Her Majesty's Australian Ships (HMAS) Anzac हिस्सा ले रहे। जबकि जापान मैरिटाइम सेल्फ डिफेंस शिप (JMSDF) डेस्ट्रॉयर Akkono इसमें जापान का प्रतिनिधित्व कर रहा है।
- यह अभ्यास मैत्रीपूर्ण नौसेनाओं के बीच उच्च स्तर के तालमेल, समन्वय और अंतर-संचालन को प्रदर्शित करेगा।
- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना की हिस्सेदारी मैत्रीपूर्ण नौसेनाओं के साथ साझा मूल्यों को दर्शाती है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

❖ यह अभ्यास समुद्र की स्वतंत्रता और एक खुले, समावेशी हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और एक नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित करता है।

NFT मार्केटप्लेस

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. हाल ही में NFT के लिए भारत का पहला मार्केटप्लेस लॉंच किया है।
2. NFT का अर्थ Non-Fungible Tokens है।
3. यह एक डिजिटल लेजर पर डेटा की एक इकाई है, जिसे ब्लॉक चेन कहा जाता है।
4. NFT तब बनाया जाता है, जब NFT नीलामी बाजार में कला कार्य की एक फाइल अपलोड की जाती है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 03 और 04 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों में एक WazirX ने हाल ही में NFT के लिए भारत का पहला मार्केटप्लेस लॉन्च किया है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

❖ NFT का अर्थ Non-Fungible Tokens है। यह लॉंच अब भारतीय रचनाओं को नीलामी के लिए अपनी डिजिटल संपत्ति (जैसे कि चित्र या वीडियो, संगीत आदि) रखने और रॉयल्टी आर्जित करने की अनुमति देगा।

❖ यह एक डिजिटल लेजर पर डेटा की एक इकाई है, जिसे ब्लॉक चेन कहा जाता है। प्रत्येक NFT डेटा एक अद्वितीय डिजिटल आइटम का प्रतिनिधित्व करता है। यह ऑडियों, कला वीड़ियों गेम या रचनात्मक कार्यों के अन्य रूप हो सकता है।

❖ यह एक डिजिटल लेजर पर डेटा की एक इकाई है जिसे ब्लॉक चेन कहा जाता है। प्रत्येक NFT डेटा एक अद्वितीय डिजिटल आइटम का प्रतिनिधित्व करता है। यह ऑडियों, कला वीडियो, वीडियो गेम या रचनात्मक कार्यों के अन्य रूप में हो सकता है।

❖ इसमें केवल उन चीजों का उपयोग किया जा सकता है, जिन्हें ऑनलाइन खरीदकर या डाउनलोड करके नीलामी के लिए यहां रखा जा सकता है। यदि कंप्यूटर का उपयोग करके एक कला कार्य बनाया गया है, इसे नीलामी के लिए यहां रखा जा सकता है।

❖ इन ब्लॉकचेनों में डिजिटल संपत्ति NFT बाजारों से खरीदी जा सकती है, ऐसा ही एक बाजार अब भारत में स्थापित किया गया है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- इस प्रणाली में मूल फाइल की प्रतियों का उपयोग टोकन के मालिक तक सीमित नहीं है। चूंकि डिजिटल फाइलें असीम रूप से प्रतिलिपी प्रस्तुत करने योग्य होती है। इसलिए उनका प्रतिनिधित्व करने वाले एनएफटी खरीदारों को NFT के स्वामित्व प्रमाण प्रदान करते है।
- NFT एक क्रिप्टोग्राफिक टोकन है। हालांकि, क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, NFT पारस्परिक रूप से विनिमेय नहीं है।
- NFT तब बनाया जाता है, जब NFT नीलामी बाजार मे ंकला कार्य की एक फाइल अपलोड की जाती है, तब से फाइल को क्रिप्टो मुद्रा के साथ खरीदा और बेचा जा सकता है।

दिवाला और दिवालियापन संहिता संशोधन अध्यादेश-2021

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह अध्यादेश MSME विकास अधिनियम 2006 के तहत MSMEs के रूप में वर्गीकृत कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए एक प्री-पैकेज्ड इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया पेश करता है।
2. अध्याय III-A को इस संशोधन के तहत इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 में पेश किया गया है।
3. इस अध्यादेश का उद्देश्य MSMES के रूप में वर्गीकृत कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए एक कुशल वैकल्पिक इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया प्रदान करना है।
4. PIRP ढ़ाँचे के तहत, कॉर्पोरेट देनदार के मामले का प्रबंधन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ जारी रहेगा।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 03 और 04 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने हाल ही में दिवाला और दिवालियापन संहिता संशोधन अध्यादेश, 2021 को प्रख्यापित किया। यह अध्यादेश MSMES के लिए प्री-पैकेज्ड इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया की अनुमति देगा। प्री-पैकेज्ड इन्सॉल्वेंसी रिजोल्यूशन प्रोसेस को PIRP कहा जाता है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- यह अध्यादेश MSME विकास अधिनियम, 2006 के तहत MSMEs के रूप में वर्गीकृत कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए एक प्री-पैकेज्ड इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया पेश करता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- यह अध्यादेश कॉर्पोरेट देनदार को रिजॉलयूशन प्रोफेशनल को "बेस रिजॉल्यूशन प्लान" प्रस्तुत करने की अनुमति देता है। हालांकि देनदार के पास PIRP आंरभ करने के लिए लेनदारों की समिति ने योजना को मंजूरी नही दी है, तो रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल विभिन्न योनजाओं को प्रस्तुत करने के लिए आवेदकों को आंमत्रित करेगा।
- नया प्री-पैक ढ़ाँचा एमइसएमई पर लागू होता है, जिसमें अधिकतम 1 करोड़ रूपये का डिफॉल्ट मूल्य होता है।
- एक PIRP CIRP के सामानांतर नही चल सकता। CIRP का अर्थ Corporate Insolvency Resolution Process है।
- PIRP ढांचे के तहत कॉर्पोरेट देनदार के मामलों का प्रबंधन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ जारी रहेगा।
- PIRP केवल MSMEs पर लागू होता है। दूसरी और IBC सभी कॉर्पोरेट देनदारों पर लागू होता हैं।
- PIRP कि डिफॉल्ट सीमा 1 करोड़ रूपये है, IBC की सीमा 1 करोड़ रूपये से अधिक है।
- PIRP एक प्रस्ताव योजना प्रस्तुत करने के लिए 90 दिनों की समयावधि प्रदान करता है। दूसरी ओर IBC 180 दिन प्रदान करता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS